Thirteenth Loksabha

Session : 11
Date : 21-11-2002

Participants : Mohale Shri Punnulal

Title: Need to declare the birth anniversary of Sant Guru Ghasi Das on 18th December as a National Holiday.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, निवेदन है कि संत बाबा घासी दास जी का जन्म ग्राम गिरौदा पुरी, तहसील बलौदा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में 18 दिसम्बर, 1756 को हुआ था। इनके जीवन में प्रकाश लेकर आया। शोाति समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने हेतु उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके अनुयायी छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि पूरे देश में फैले हुए हैं। इन्होंने सतनाम धर्म की स्थापना की तथा प्रतीक चिन्ह के रूप में गुरू गद्दी एवं गांव-गांव में पहचान की दृटि से जय स्तम्भ निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने अपनी मृतक पत्नी सपुरा माता को सतनाम का अमृत पिला कर जिन्दा कर दिया तथा भंडारपुरी से लगे ग्राम तैलाशी में एक मृतक बछिया एवं मृतक व्यक्ति को सतनाम रूपी अमृत देकर जिन्दा कर दिया। उक्त चमत्कार से आश्चर्यचकित होकर उक्त समाज के लोग सतनाम धर्म स्वीकार कर बाबा जी के अनुयायी बन गए। वर्ों पूर्व मध्य प्रदेश ने उक्त बाबा के जन्म दिन पर 18 दिसम्बर को सार्वजनिक छट्टी घोाति की थी।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि 18 दिसम्बर को राट्रीय सार्वजनिक अवकाश घोाति किया जाए, जिससे कि उनके अनुयायी बाबा जी की उपासना एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर सकें।

.....